असम समाचार

काजीरंगा में पहली बार आयोजित एआईजीएमएफ की ऐतिहासिक कार्यकारी बैठक, भारत सहित जापान, अमेरिका, युगांडा और इंडोनेशिया के प्रतिनिधियों ने लिया भाग

Third Eye · March 10, 2025 · 0 · 1 Mins

थर्ड आई न्यूज

गुवाहाटी। ऑल इंडिया ग्लास मैन्युफैक्चरर्स फेडरेशन (एआईजीएमएफ) की कार्यकारी बैठक इस बार ऐतिहासिक रूप से असम के काजीरंगा में आयोजित की गई। एनईएस रिफ्रेक्टरीज एलएलपी के आतिथ्य में संपन्न इस बैठक में भारत के साथ-साथ जापान, अमेरिका, युगांडा और इंडोनेशिया जैसे देशों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। यह एआईजीएमएफ के 80 साल के इतिहास में पहली बार था कि संघ की कार्यकारिणी बैठक काजीरंगा में आयोजित की गई।

बैठक का संचालन एनईएस रिफ्रेक्टरीज एलएलपी के प्रबंध निदेशक अमन गुप्ता ने किया। इसमें जापान की निप्पॉन इलेक्ट्रिक ग्लास कंपनी, गोल्ड प्लस ग्लास इंडस्ट्री लिमिटेड, शॉट पूनावाला प्राइवेट लिमिटेड, बोरोसिल, एजीआई, आइकॉनिक ग्लास, सेंट्रल ग्लास एंड सिरेमिक रिसर्च इंस्टीट्यूट सहित कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक में 'सस्टेनेबल ग्लास मैन्युफैक्चरिंग की ओर', 'ग्रीन बिल्डिंग और सीएसआर पहल के लिए फ्लैट ग्लास', 'विविधता की शक्ति: विकास को बदलने वाली महिला नेता' और 'ग्लास मैन्युफैक्चरिंग में विज्ञान की भूमिका' जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सत्र आयोजित किए गए। ये सत्र अब एआईजीएमएफ की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं।

इस कार्यक्रम में एआईजीएमएफ के अध्यक्ष राजेश खोसला, शॉट ग्लास के अध्यक्ष पीके शुक्ला, बोरोसिल ग्लास के एमडी शीवीर खेरीका और एनईएस रिफ्रेक्टरीज के एमडी अमन गुप्ता जैसे उद्योग जगत के प्रमुख लोग मंच पर मौजूद रहे।

काजीरंगा में पहली बार आयोजित इस कार्यकारी बैठक को सभी प्रतिभागियों ने एक महत्वपूर्ण और सार्थक पहल करार दिया।